
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## दुबारा हिंसा का वातावरण न बन सके इसलिए सुरक्षाबलों की तैनाती रहेगी

नक्सलवाद के खात्मे के बाद जवान क्या कर रहे हैं और उनकी वापसी कब तक होगी के सवाल पर आईजी ने कहा कि नक्सल प्रभाव कम होने के साथ सुरक्षा बलों की भूमिका केवल ऑपरेशन तक सीमित नहीं रह गई है। वर्तमान में जवान ग्रामीण क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन और विश्वास निर्माण (कॉन्फिडेंस बिल्डिंग) का कार्य कर रहे हैं। सुरक्षाबल सड़क और पुल निर्माण, गांवों का विद्युतीकरण, ▶▶| शेष पेज 7 पर



चार दशक से अधिक समय तक नक्सलवाद का दंश झेलने के बाद बस्तर में शांति है। बस्तर समेत देश को नक्सलमुक्त करने में सैकड़ों जवान नक्सलियों से बहादुरी से मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए, वहीं सैकड़ों जवान गंभीर रूप से घायल हुए।

## सुरक्षाबलों की जिम्मेदारी बम खोजने तक सीमित

लोगों के मन में यह सवाल भी उठता है कि शांति के समय जवान क्या करते हैं और उनका रूटीन क्या होता है? आईजी ने बताया कि सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी केवल आईईडी या बम खोजने तक सीमित नहीं है। उनका दैनिक कार्य कई आयामों में होता है, जैसे एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग (जंगल और गांवों में गश्त) रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) के माध्यम से सड़कों को सुरक्षित करना होता है। इंटेलिजेंस संग्रह और ▶▶| शेष पेज 7 पर



# जंग जीती और अब भरोसा जीतने मैदान में 56 हजार जवान, बस्तर में दो साल और रहेंगे!

खास खबर

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

वर्तमान में भी बस्तर की शांति व सुरक्षा के लिए 56 हजार से अधिक जवान तैनात हैं। दुबारा हिंसा का वातावरण न बने इसलिए शांति स्थापना के बाद भी लगभग दो वर्ष तक यहां जवानों के तैनात रहने की संभावना है। बस्तर को नक्सलमुक्त कर शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाले बस्तर आईजी ▶▶| शेष पेज 7 पर

ऑपरेशनल ड्यूटी के साथ कई काम



### बीजापुर व सुकमा जिले में सर्वाधिक कैंप

नक्सलियों के खात्मे व उनके पुनर्वास के लिए बीते वर्षों में सर्वाधिक कैंप बीजापुर और सुकमा जिलों में स्थापित किए गए हैं, क्योंकि ये क्षेत्र लंबे समय तक नक्सली गतिविधियों से सबसे अधिक प्रभावित रहे हैं। इसके अलावा कांकेर और नारायणपुर जिलों में भी रणनीतिक रूप से बड़ी संख्या में कैंप स्थापित किए गए हैं, जिससे उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा उपस्थिति मजबूत हुई है। बस्तर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिलों में ▶▶| शेष पेज 7 पर

# हिंसा के बीच बंगाल में टूटा रिकॉर्ड तमिलनाडु में भी ऐतिहासिक वोटिंग

### सुवेंदु सरकार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, हुमायूं कबीर की कार पर हमला

हिंसा के बीच पश्चिम बंगाल में पहले चरण के लिए बंपर वोटिंग हुई। मुर्शिदाबाद में उपद्रवियों ने हुमायूं कबीर की कार पर लाठी और ईंटों से हमला किया, वहीं भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार पर कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने पिटाई कर दी। पश्चिम बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78 फीसदी मतदान हुआ। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 85.14 फीसदी वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/ चेन्नई

तमिलनाडु में एक ही चरण का चुनाव शांतिपूर्ण रहा, वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। एक तरफ मतदाता भारी संख्या में पोलिंग बूथों पर पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राज्य के विभिन्न हिस्सों से आगजनी, मारपीट और तोड़फोड़ के गंभीर मामले सामने आए। मुर्शिदाबाद के नौदा में उस समय हड़कंप मच गया जब एजेयूपी प्रमुख और रेजीनगर से उम्मीदवार हुमायूं कबीर के काफिले पर उपद्रवियों ने ईंटों और लाठियों से हमला कर दिया। इस दौरान टीएमसी और एजेयूपी कार्यकर्ताओं के बीच ▶▶| शेष पेज 7 पर





- विधानसभा चुनाव- प. बंगाल में 91.78 फीसदी और तमिलनाडु में 85.14 फीसदी मतदान
- पश्चिम बंगाल में पहले चरण पर 152 सीटें, तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर चुनाव

### मालदा में ईवीएम खराब, फूटा गुस्सा

मालदा के मोथाबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में बालुआचारा हाई स्कूल स्थित मतदान केंद्र के बाहर ईवीएम में खराबी आने के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। चुनाव आयोग के अधिकारी के पहुंचने में देरी होने पर वोटर भड़क गए और उन्होंने अधिकारी को घेर लिया और बंधक सा बना लिया। कई मतदाता अफसर की बांह पकड़कर उन्हें खींचते हुए और उनके साथ हाथापाई करते हुए दिखाई दिए।

### बंगाल में हिंसा का ऐसा हाल

- दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया।
- पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया।
- बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।
- मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए। आम जनता उन्नयन पार्टी चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, ▶▶| शेष पेज 7 पर

# अमित को राहत, फिलहाल उम्रकैद की सजा पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश में फिलहाल सुनवाई तक अमित जोगी को राहत दी है। जग्गी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर द्वारा पारित उम्रकैद की सजा अभी मुकर्रर नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने दो अलग-अलग आदेशों के प्रभाव और संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस बात की जानकारी अमित जोगी ने खुद सोशल मीडिया अकाउंट के हवाले से दी है। अमित जोगी को ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल समेत आधा दर्जन नामचीन वकीलों की टीम जिरह कर रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए, हाईकोर्ट द्वारा 25 मार्च को पारित आदेश के प्रभाव और संचालन को स्थगित कर दिया है। इसका अर्थ है कि फिलहाल उस आदेश का कोई ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अब आगे क्या

अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट विस्तृत सुनवाई करेगा, जिसमें साक्ष्यों, दलीलों और कानूनी पहलुओं की गहन समीक्षा की जाएगी। अंतिम निर्णय आने तक संबंधित हाईकोर्ट के आदेश लागू नहीं होंगे।

आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur



# लोकतंत्र का महापर्व छलका उत्साह

## बंगाल, तमिलनाडु में जमकर हुआ मतदान

## विधानसभा चुनाव में गरमाया सियासी तापमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में पहले चरण का व तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ। इस अप्रैल के गर्म मौसम में सियासी तापमान भी चरम पर रहा और जमकर वोटिंग हुई। लोकतंत्र के इस महापर्व में शिरकत करने आम लोगों के साथ बड़ी संख्या में सेलिब्रिटी भी उमड़े। पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, भाजपा के दिलीप घोष, कांग्रेस की मौसम बेनजीर नूर और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उदयन गुहा ने मताधिकार का उपयोग किया। पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुभेंदु अधिकारी ने सुबह आठ बजे से पहले कांथी स्थित अपने शांति कुंज आवास के पास नंदनायकबार प्राथमिक विद्यालय में मतदान किया। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर सदर में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने सेरोसा स्टेडियम स्थित बूथ संख्या 263 पर वोट डाला।


चेन्नई

### तमिनाडु में बूथ पर दिखे रजनीकांत, कमल हासन जैसे बड़े स्टार



तमिलनाडु के शीर्ष नेताओं और फिल्म एवं संगीत जगत की हस्तियों ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, टीवीके. प्रमुख विजय, एएमएमके प्रमुख टीटीवी दिनाकरन ने चेन्नई में मतदान किया। वहीं, अन्नाद्रमुक प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने सेलम में मतदान किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम ने शिवगंगा जिले में मतदान किया। संगीतकार इलैयाराजा, अभिनेता रजनीकांत, कमल हासन, अजित कुमार, आर. सरथकुमार, राधिका सरथकुमार, त्रिशा कृष्णन, धनुष, विक्रम और शिवकार्तिकेयन ने भी अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### एक परिवार की तीन पीढ़ी



लोकतांत्रिक भागीदारी का एक उल्लेखनीय उदाहरण पेश करते हुए, एक परिवार की तीन पीढ़ियों के 14 सदस्य बृहस्पतिवार को चेन्नई-तमिलनाडु के स्टेला मैरिस कॉलेज स्थित मतदान केंद्र में वोट डालने एक साथ पहुंचे।


पनीरसेल्वम


शुभेन्दु अधिकारी


पी चिदम्बरम


मुर्शिदाबाद


मेदिनीपुर


बीरभूम


एमके स्टालिन


टीवीके चीफ विजय


तृषा कृष्णन

---

पीएम मोदी ने कृष्णानगर की चुनावी सभा में किया तंज

# 'झालमुड़ी मैंने खाई लेकिन झाल टीएमसी को लगी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में पीएम मोदी ने कहा, 'कुछ दिनों पहले, केरलम, असम और पुडुचेरी में भी मतदान संपन्न हुआ है। वहां पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ है। पहले भी हमने देखा है देश में जहां-जहां भी रिकॉर्ड मतदान हुआ है, वहां पर बीजेपी को प्रचंड विजय मिली है। चार मई को बंगाल में भी बीजेपी की विजय का जश्न होगा। मिठाई भी बंटेगी और झालमुड़ी भी बांटी जाएगी। वैसे मैंने सुना है कि झालमुड़ी ने भी कुछ लोगों ने झन्नाटेदार झटका दिया है। झालमुंड़ी मैंने खाई, लेकिन झाल टीएमसी को लगी है।'पीएम नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा,



'टीएमसी और इन सारे दलों का महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर खुलकर सामने आ गया। अभी कुछ दिन पहले संसद में जो कुछ हुआ, वो आप सबने देखा है। भाजपा सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव लेकर संसद में आई थी, लेकिन टीएमसी ने इसके खिलाफ वोटिंग की, टीएमसी ने बंगाल की महिलाओं का हक छीन लिया।'

### शाह बोले - घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुगली के बालागढ़ में कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठ पूरी तरह बंद कर दी जाएगी और जो घुसपैठिए यहां रह रहे हैं, उन्हें चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और बंगाल के युवाओं के हक की नौकरियां व गरीबों का राशन छीन रहे हैं।

### हुगली में मिथुन चक्रवर्ती का रोड शो

हुगली के तारकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के चुनाव से पहले अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने यहां पार्टी उम्मीदवार संतु पान के समर्थन में एक विशाल रोड शो किया। 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले इस रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी, जहां मिथुन ने लोगों से बंगाल में सत्ता परिवर्तन के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

---

# 'ये बंगाल है, नितिन नबीन भी आपको नहीं बचा पाएंगे'

महुआ ने लगाया भाजपा नेताओं पर पैसे बांटने का आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी') सांसद महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तीखा पोस्ट शेयर किया है। इसमें बीजेपी नेताओं सौरभ सिंह और प्रोफेसर स्वदेश सिंह के साथ-साथ हाल ही में भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लियेंडर पेस भी नजर आए। तस्वीर में दोनों नेताओं को लाल रंगे के घेरे में दिखाया गया था और उसके ऊपर 'S+S' लिखा हुआ था, जो संभवतः उनके नामों के इनिशियल्स को दर्शाता है। मोइत्रा ने आरोप लगाया कि सौरभ सिंह बंगाल में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए डिस्ट्रिब्यूशन एक्टिविटीज में शामिल थे। मोइत्रा ने अपने पोस्ट में उनकी वर्तमान लोकेशन और अगली जगह की जानकारी भी साझा की। उन्होंने लिखा, 'सावधान सौरभ सिंह, मेरे ट्वीट के बाद आप एल्गिन होटल से चेक-आउट कर नोवोटेल जा रहे हैं, जहां आप अपनी टीम के साथ डिस्ट्रिब्यूशन को जारी रखेंगे। ये बंगाल है, नितिन नबीन भी आपको यहां बचा नहीं पाएंगे।' इसके बाद उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा, 'हम नजर रख रहे हैं, आप बच नहीं पाएंगे।'

### भाजपा ने नहीं दी है प्रतिक्रिया

हालांकि भाजपा ने अभी तक मोइत्रा के इन आरोपों और बयानों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। महुआ मोइत्रा की ओर से दी गई यह दूसरी ऐसी चेतावनी थी। इससे पहले उन्होंने आरोप लगाया था कि इन नेताओं को भाजपा नेतृत्व ने नकदी बांटने और वसूली करने के लिए भेजा है। उन्होंने कहा, 'सत्यवती कॉलेज के प्रोफेसर स्वदेश सिंह और सौरभ सिंह बंगाल में क्या कर रहे हैं? लोगों को फोन कर वसूली करने और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन के नाम पर नकद रुपये बांटने के लिए।'

---

केजरीवाल पर भड़का हाईकोर्ट

# 'इस वीडियो को सबसे पहले अपलोड किसने किया? सारे डिलीट कीजिए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद अब वह जिरह करते वीडियो पर घिर गए हैं। आम आदमी पार्टी के मुखिया, इसके कई नेताओं, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और पत्रकार रवीश कुमार के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को सख्ती दिखाई और सभी वीडियो को डिलीट करने को कहा। अदालत ने यह भी पूछा है कि इस वीडियो को सबसे पहले अपलोड किसने किया? जस्टिस वी कामेश्वर राव और ज्सिटस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि इस तरह की रिकॉर्डिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों का उल्लंघन करती हैं और सोशल मीडिया पर इनकी अनुमति नहीं दी जा सकती। अधिवक्ता वैभव सिंह की ओर से दायर याचिका पर अदालत ने अरविंद केजरीवाल, आप नेताओं, दिग्विजय सिंह और पत्रकार रवीश कुमार को नोटिस भी जारी किया है।

### 6 को होगी अगली सुनवाई

मामले की अगली सुनवाई अब 6 जुलाई को होगी। पहले इस केस को जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस कारिया की पीठ के सामने सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन जस्टिस कारिया ने खुद को अलग कर लिया तो दूसरी बेंच के सामने भेजा गया।

---

होर्मुज में नाकेबंदी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा एक्शन

# ट्रंप ने आर्मी चीफ के बाद अब नेवी चीफ को किया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका अपने दोस्त इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से जंग लड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के साथ डील फाइनल करने के लिए एकतरफा सीजफायर को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। लेकिन, ऐसा लगता है कि ईरान के साथ जंग के साथ-साथ ट्रंप अपने घर (अमेरिका) में भी एक अलग लड़ाई लड़ रहे हैं। अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। ट्रंप ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को पद से हटाया था। अब गुरुवार को नेवी चीफ जॉन फेलन को भी बर्खास्त कर दिया है। इससे पहले न्यूक्लियर डिपार्टमेंट से जुड़े एक सीनियर अधिकारी एंड्र्यू हग को सस्पेंड किया गया है। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका जंग में उलझा हुआ है। आइए समझते हैं कि आखिर ट्रंप को अपने अधिकारियों से क्या दिक्कत होने लगी, जो ऐसे फैसले ले रहे हैं।

### ईरान जंग के बीच अपने 'घर' में भी एक अलग लड़ाई लड़ रहे डोनाल्ड



### अधिकारियों को हटाने की वजह

अमेरिका अपनी नेवी को ताकतवर बनाने के लिए नए वॉरशिप, सबमरीन और सपोर्ट जहाज तेजी से बनाना चाहता है। इसके लिए शिपबिल्डिंग में बदलाव किए गए हैं। लेकिन, जहाजों के बनने में देरी हो रही थी। कई प्रोजेक्ट अटके पड़े थे। इनकी कॉस्टिंग भी बढ़ती जा रही थी। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने इसकी शिकायत राष्ट्रपति ट्रंप से की थी। चूंकि फेलन का सीधे ट्रंप के साथ कॉन्टैक्ट है, इसलिए उन्होंने हेगसेथ को सरपास करके सीधे राष्ट्रपति से बात कर ली। आम तौर पर ऐसा नहीं किया जाता।

### ऐसे बढ़े मतभेद

बात यहां से बिगड़नी शुरू हुई। फेलन और पेंटागन के टॉप लीडर यानी हेगसेथ के बीच लगातार मतभेद चल रहे थे। नेवी के जहाज निर्माण कार्यक्रम, काम करने के तरीके और नेतृत्व को लेकर उनके और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था। इसका नतीजा हुआ बर्खास्तगी। पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर फेलन को नेवी चीफ पद से बर्खास्त करने की जानकारी दी गई। उन्हें क्यों हटाया गया, साफ तौर पर इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है।

### 2 अप्रैल को हटाया था आर्मी चीफ को

अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को 2 अप्रैल को हटा दिया गया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर ला नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। पेंटागन ने आधिकारिक बयान न देकर बस इतना कहा कि रैंडी रिटायर हो रहे हैं। पेंटागन ने उन्हें धन्यवाद दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं।

---

विधायक की मौत पर चुराचांदपुर में बंद

# मणिपुर में अब तक 58 हजार विस्थापित, 217 की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में मई 2023 से भड़की जातीय हिंसा के चलते अब तक 58,821 लोग विस्थापित हो चुके हैं। राज्य सरकार के गृह विभाग ने आरटीआई के जवाब में यह जानकारी दी है। यह आंकड़े 3 मई 2023 से 30 मार्च 2026 तक की अवधि के हैं। विभाग के अनुसार, हिंसा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 217 लोगों की मौत हुई है, जिनके परिजनों को अनुग्रह राशि दी गई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। राज्य में राहत के लिए 10 मार्च 2026 तक कुल 174 राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए मणिपुर पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 3,000 प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए गए हैं। बता दें कि हिंसा के कारण भारी संपत्ति नुकसान भी हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक 7,894 स्थायी घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि 2,646 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कांग्रेस नेता हरेश्वर गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि यह जानकारी प्राप्त करने में उन्हें सात महीने का समय लगा।


फाइल फोटो

### 13 घंटे का बंद

चुराचांदपुर जिले में भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को 13 घंटे का पूर्ण बंद रहा। जोमी समूहों द्वारा बुलाए गए इस बंद को कुकी और हमार संगठनों का भी समर्थन मिला। सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस बंद के दौरान बाजार, स्कूल, दफ्तर और सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह ठप रहे। तिपाईमुख और गुइते रोड पर भी सन्नाटा पसरा रहा। जोमी समन्वय समिति के अनुसार, वाल्टे के निधन को 60 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। मई 2023 में भीड़ के हमले में घायल हुए वाल्टे की 20 फरवरी, 2026 को गुरुग्राम के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

---

# बार्डर पर 85 लाख की भारतीय नेपाली मुद्रा जब्त

**बहराईच (उप्र)।** बहराइच जिले में भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने 85 लाख रुपये से अधिक मूल्य की भारतीय और नेपाली मुद्रा जब्त की और छह लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए रुपईडीहा थाने की पुलिस और एसएसबी ने सीमा क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान मंगलवार को नकदी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, छह लोगों के कब्जे से 16.5 लाख रुपये मूल्य की भारतीय मुद्रा और 69 लाख रुपये मूल्य की नेपाली मुद्रा बरामद की गई।

---

उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित है यह विश्वप्रसिद्ध धाम

# बदरीनाथ धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

## जय बदरी विशाल' के गूंजे जयकारे, श्रद्धालुओं का छलका उत्साह

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह बंद रहने के बाद बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पूर्व निर्धारित मुहूर्त के अनुसार, सुबह सवा छह बजे चमोली जिले में स्थित इस मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ खोले गए और इस दौरान देश-विदेश से आए करीब 15 हजार श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू हो गई है। उत्तराखंड के अन्य धाम गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट पहले ही खोले जा चुके हैं।

### सुगंधित फूलों से सजाया गया मंदिर

मंदिर के कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों और सेना के बैंड की मधुर धुनों के साथ हजारों श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में माणा और बामणी गांव की महिलाओं ने झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन गाए। मंदिर को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित इसकी सुंदरता और निखर उठी।




**यह है मान्यता** : मान्यता है कि वर्ष में छह महीने (ग्रीष्मकाल में) श्रद्धालु यहां भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, जबकि शेष छह महीने (शीतकाल में) देवता स्वयं उनकी आराधना करते हैं, जिसमें मुख्य पुजारी देवर्षि नारद होते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए महाभिषेक पूजा संपन्न कराई। उन्होंने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का स्वागत किया और व्यवस्थाओं के संबंध में उनकी राय भी जानी।

### केदारनाथ धाम में पहले दिन 38 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

*उत्तराखंड के पवित्र धाम केदारनाथ मंदिर में कपाट खुलते ही आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, बुधवार सुबह विधि-विधान के साथ जैसे ही बाबा केदार के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए, वैसे ही देश-विदेश से आए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पहले ही दिन लगभग 38 हजार श्रद्धालु धाम पहुंच गए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। हालांकि, भारी भीड़ के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। कई भक्तों ने बताया कि उन्हें बाबा के दर्शन के लिए 10 से 12 घंटे तक कतार में खड़ा रहना पड़ा। मंदिर तक पहुंचने वाले करीब 700 मीटर लंबे कॉरिडोर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी रहीं।*

---

ईंधन क्राइसेस

# लुफ्थांसा ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

**लास वेगास।** लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर वह अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करेगी। लुफ्थांसा समूह ने कहा कि कम मुनाफे वाले मार्गों में संचालित होने वाली उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी। कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी 'सिटीलाइन' को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है।


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







## 21 करोड़ की लागत से 23 गांव में पहुंचाना है पानी, कछुआ गति से चल रहा जल जीवन मिशन

# शो पीस साबित हो रही गांव-गांव में बनी पानी टंकियां

दिलीप साहू निकुम

हरिभूमि लगातार

अप्रैल माह की इस भीषण गर्मी में निकुम व आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में लगे हैण्डपंप ,बोर भी दम तोड़ रहे है,कई बार सिर्फ हवा निकलती है। लगभग 21 करोड़ लाख की लागत से अमल में आने वाली निकुम जल ▶▶|शेष पेज 7 पर



### 21 करोड़ की लागत से 23 गांवों की प्यास बुझाएगी शिवनाथ नदी

विभागीय जानकारी के अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में निकुम जल प्रदाय योजना के अंतगर्त लगभग 21 करोड़ की लागत से अंजोरा, थनौद , रुदा,खाड़ा ,भोथली ,तिरगा, आलबरस, चंगोरी, चिंगरी, आमटी, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जुलाई तक का लक्ष्य

लगातार कार्य चल रहा है। वर्तमान में 80 प्रतिशत कार्य हो गया है। बहुत जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू हो सके, प्रयास है। विभागीय स्तर पर जुलाई 2026 तक का लक्ष्य है।

-उत्कर्ष पांडे ई ई पी एच ई दुर्ग




## टंकी है मगर पानी नहीं नल लगे पर पाइपलाइन अब तक नहीं बिछाई

भूषण देशलहरे ▶▶| पाटन

दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में भीषण गर्मी के बीच गांव के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। दूसरी तरफ कागजों में यहां पानी की पूरी व्यवस्था दिखा दी गई है। हालात इतने बदतर हैं कि गांव में पानी की टंकी तो खड़ी है, लेकिन उसमें पानी नहीं है। नल लगाए गए हैं, मगर पाइपलाइन आज तक नहीं बिछाई गई।

'हरिभूमि' की ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया कि वार्ड क्रमांक 11 सहित कई हिस्सों में महिलाएं रोजाना दूर दराज के बोरिंग से पानी लाने को मजबूर हैं। गांव की एक महिला ने बताया, ▶▶|शेष पेज 7 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### राजदूतों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समारोह में चार देशों के राजनयिकों ने अपने परिचय-पत्र सौंपे। लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के विथाया ज़ायावोंग, कांगो गणराज्य की एमिली आयाजा मुशोबेकवा, नामीबिया के विंग कमांडर एलेक्स लुन्याजो टुकुहुपवेले तथा गिनी-बिसाऊ गणराज्य के एंटोनियो सेरिफो एम्बालो शामिल थे।

### हवाई अड्डे पर नौ करोड़ का गांजा बरामद

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने चार भारतीय यात्रियों को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से लगभग नौ करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया गया। बैंकॉक से आ रहे ये यात्री 21 अप्रैल को यहां उतरे थे और अधिकारियों ने संदेह होने पर उन्हें रोक लिया।

### छापेमारी कर 104 सिलेंडर जब्त किए



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगोलपुरी और जहांगपुरी इलाकों में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी में कथित रूप से शामिल दो अलग अलग गिरोह का भंड़ाफोड़ किया। इनमें 100 से ज्यादा सिलेंडर बरामद किए हैं तथा पांच आरोपियों को पकड़ा है। विशिष्ट सूचना पर टीम ने मंगोलपुरी के टी-ब्लॉक में पंकज गैस एजेंसी के पास छापेमारी की।

### वाहन खाई में गिरा, आठ की मौत

**नई टिहरी।** उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में एक मैक्स वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में संपत लाल का पुत्र प्रेम लाल (36) और वाहन चालक शिव सिंह (35) भी शामिल हैं। अन्य पांच मृतकों की पहचान आशा लाल (40), विजय लाल (36), महावीर (60), सेहत लाल (65) और लक्ष्मण (33) के रूप में की गयी है।

### बीकाजी के संस्थापक शिव रतन का निधन



**जयपुर।** 'बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड' के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिव रतन अग्रवाल का चेन्नई में निधन हो गया। 74 वर्षीय अग्रवाल चेन्नई में थे। बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अग्रवाल की पत्नी की हाल में हृदय की बाईपास सर्जरी हुई थी।

## पांच साल पहले जुटते थे 22 हजार करोड़, अब 44 हजार करोड़ से ज्यादा

# छग के किसानों से लगान वसूली में गिरावट, पर स्वयं के टैक्स से भरा खजाना, पांच साल में दोगुना

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में किसानों से वसूले जाने वाले लगान यानी भू-राजस्व करों की वसूली में पिछले पांच सालों में कमी आई है, ये छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि हितैषी नीति की वजह से हो सकता है, लेकिन दूसरी ओर राज्य के स्वयं के राजस्व कर संग्रह में पांच साल में दोगुना से अधिक इजाफा हुआ है। सरकार को पांच साल पहले 22 हजार करोड़ रुपए इस मद से मिलते थे, जो अब बढ़कर 44 हजार करोड़ हो गए हैं। यह इस बात का साफ संकेत है कि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। यही नहीं, राज्य में उपभोग और व्यावसायिक गतिविधियां भी तेजी के साथ बढ़ी हैं। सबसे अधिक राजस्व स्टेट जीएसटी, राज्य उत्पाद शुल्क विद्युत कर से मिला है।

छत्तीसगढ़ सरकार के ताजा वित्तीय आंकड़ों ने राज्य की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की एक नई तस्वीर पेश की है। पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) ▶▶|शेष पेज 7 पर

| कर मद | 2020-21 की तुलना में 2024-25 में वृद्धि / (कमी) राशि (करोड़ में) | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|
| 1. बिक्री एवं व्यापार कर आदि पर कर | 2,644.29 | 62.44% ↑ |
| 2. राज्य उत्पाद शुल्क | 5,506.04 | 118.80% ↑ |
| 3. वाहनों पर कर | 1,169.92 | 101.94% ↑ |
| 4. स्टांप तथा पंजीकरण शुल्क | 1,383.99 | 87.29% ↑ |
| 5. विद्युत पर कर एवं शुल्क | 2,721.83 | 116.24% ↑ |
| 6. भू-राजस्व | (118.67) | (12.65%) ↓ |
| 7. माल तथा यात्री कर | 194.75 | 243.83% ↑ |
| 8. राज्य वस्तु एवं सेवा कर (GST) | 8,373.58 | 105.61% ↑ |
| 9. अन्य कर | 0.05 | 12.82% ↑ |
| कुल स्वयं के कर संग्रहण | 21,875.79 | 95.60% ↑ |

**मुख्य बिंदु**

- राज्य वस्तु एवं सेवा कर (GST) में सबसे अधिक वृद्धि (8,373.58 करोड़) हुई, जो कुल वृद्धि का प्रमुख कारण है।
- राज्य उत्पाद शुल्क, विद्युत कर एवं बिक्री कर में भी निरंतर वृद्धि देखने को मिली।
- भू-राजस्व में 118.67 करोड़ की कमी दर्ज हुई।

### बुनियादी ढांचे और परिवहन क्षेत्र में तेजी

आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे और रियल एस्टेट क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आए हैं। स्टांप एवं पंजीकरण शुल्क- इसमें लगभग 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 1 हजार 584 करोड़ से बढ़कर 2 हजार 968.94 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह जमीन और संपत्तियों की बढ़ती खरीद-फरोख्त का संकेत है। वाहनों पर कर- परिवहन क्षेत्र से मिलने वाले कर में दोगुनी वृद्धि हुई है (1 हजार 148 करोड़ से 2 हजार 317.99 करोड़), जो राज्य के नागरिकों की बढ़ती क्रय शक्ति को दर्शाता है। विद्युत कर- उद्योगों और घरेलू खपत में वृद्धि के कारण बिजली पर मिलने वाला कर 2 हजार 341 करोड़ से बढ़कर 5 हजार 063.24 करोड़ रुपये हो गया है।

### लगान (भू-राजस्व) में कमी

जहां लगभग हर क्षेत्र में वृद्धि हुई है, वहीं भू-राजस्व (लैंड रेवेन्यु) में पिछले चार वर्षों में गिरावट का रुझान देखा गया है। 2021-22 में यह 949.94 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में घटकर 819.04 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले कुछ वर्षों में भुइयां पोर्टल के माध्यम से भू-राजस्व रिकॉर्ड का व्यापक डिजिटलीकरण किया है। ऑनलाइन सिस्टम आने से पुराने समय में होने वाली मैन्युअल गणना की विसंगतियां दूर हुई हैं। डिजिटल डेटा शुद्धिकरण के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लगान में रियायत

छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से कई बार लगान (लैंड टैक्स) की वसूली को शिथिल किया जाता है या माफ किया जाता है। यह भी कारण हो सकता है कि राज्य में तेजी से शहरीकरण और औद्योगिकरण हो रहा है। जब कृषि भूमि को 'डायवर्जन' के जरिए औद्योगिक या आवासीय भूमि में बदला जाता है, तो वह भू-राजस्व के दायरे से निकलकर अन्य शुल्कों या टैक्स (जैसे संपति कर या विकास शुल्क) ▶▶|शेष पेज 7 पर

### राजस्व के दो मजबूत स्तंभ

राज्य की आय में सबसे बड़ी हिस्सेदारी छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर ( सीजीएसटी) की रही है। इसमें पांच वर्षों में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 7 हजार,925 करोड़ से बढ़कर 16 हजार 298.59 करोड़ रुपये हो गई है। इसके साथ ही, राज्य उत्पाद शुल्क में भी जबरदस्त उछाल आया है। वर्ष 2020-21 में यह 4 हजार 635.80 करोड़ रुपये था, जो अब 10 हजार141.84 करोड़ रुपये हो गया है। यह वृद्धि दर्शाती है कि राज्य में उपभोग और व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं।

## सीबीएसई 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होगी। सीबीएसई द्वारा जारी 'डेटशीट' के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है।

■ गणित के पर्चे से शुरुआत

### इस सत्र से दो बार परीक्षाएं

सीबीएसई ने 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित करना शुरू किया है। यह 'डेटशीट' परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज द्वारा जारी की गई है। इसे सीबीएसई द्वारा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के पहले संस्करण का परिणाम घोषित किए जाने के एक सप्ताह बाद जारी किया गया।

### पहली अनिवार्य, दूसरी वैकल्पिक

फरवरी में हुई पहली परीक्षा अनिवार्य थी, जबकि दूसरी परीक्षा वैकल्पिक है, जो मई में अंकों में सुधार या अनुत्तीर्ण विषयों को पास करने के लिए आयोजित की जाएगी। सीबीएसई के अनुसार, छात्र दूसरी परीक्षा में अधिकतम तीन विषयों में शामिल हो सकते हैं और अपने सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल कर सकते हैं।

**युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का विवादित बयान**

# ट्रंप ने पहले भारत को बताया था नरक, अब कहा- यह महान देश



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान/नई दिल्ली

अमेरिका की राजनीति एक बार फिर बयानबाजी के केंद्र में है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक चिट्ठी साझा करते हुए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता पर सवाल उठाए और भारत-चीन जैसे देशों पर तीखी टिप्पणी की। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में भारत और चीन को "हेल होल" यानी 'नरक का द्वार' बताया। उन्होंने कहा कि जन्म के आधार पर नागरिकता का फायदा उठाकर प्रवासी अपने बच्चों को अमेरिकी नागरिक बनाते हैं और फिर पूरा परिवार अमेरिका में बस जाता है। इस बीच, महज 24 घंटे के भीतर ट्रंप ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोल का हवाला देते हुए दावा किया कि ज्यादातर लोग इस कानून को सीमित करने के पक्ष में हैं। ट्रम्प ने खासतौर पर कैलिफोर्निया के टेक सेक्टर का जिक्र किया। उनका कहना है कि हाई-टेक नौकरियों में भारत और चीन के लोगों का दबदबा बढ़ता जा रहा है।

### होर्मुज में बारूदी सुरंग बिछाने वालों पर ट्रंप का 'डेथ वारंट'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद सख्त आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में अगर कोई भी नाव समुद्र में माइन यानी पानी के नीचे विस्फोटक बिछाती दिखे, तो अमेरिकी नौसेना उसे तुरंत डुबो दे। कोई सोच-विचार नहीं, कोई देरी नहीं। साथ ही माइन हटाने का ऑपरेशन तीन गुना बढ़ाने का भी आदेश दिया गया है। ये बयान ऐसे वक्त आया है जब होर्मुज पहले से ही दुनिया के सबसे तनावपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक बना हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने बिल्कुल साफ और कड़े शब्दों में कहा कि अगर होर्मुज में कोई भी नाव या जहाज माइन बिछाता नजर आए तो अमेरिकी नौसेना उसे तुरंत मार गिराए। उन्होंने कहा कि इसमें कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने दी ऐसी प्रतिक्रिया

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के ट्रुथ सोशल पोस्ट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने कुछ रिपोर्टें देखी हैं। बस इतना ही कहना चाहूंगा।

### ईरान ने कहा- भारत और चीन सभ्यता के पालने

हैदराबाद स्थित ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने ट्रंप के बयान को लेकर भारत का समर्थन किया है। दूतावास ने कहा, हर दिन एक नई पोस्ट के साथ ट्रंप की अमानवीयता अनंत से भी परे साबित होती है। यही तो असल नस्लवाद है। चीन और भारत सभ्यता के पालने हैं। असल में नरक का द्वार वह जगह है, जहां के युद्ध-अपराधी राष्ट्रपति ने ईरान की सभ्यता को तबाह करने की धमकी दी थी।

## 30 को विधानसभा का विशेष सत्र सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। 30 अप्रैल को आयोजति होने वाले विशेष सत्र में महिला आरक्षण कानून और परिसीमन से संबंधित 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित न होने के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपक्ष पर इस ऐतिहासिक सुधार में रुकावट डालने का आरोप लगाया है और इसे महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है। सीएम साय ने कहा, महिला आरक्षण कानून का विरोध करने से यह दिखता है कि विपक्ष महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ खड़ा है। ▶▶|शेष पेज 7 पर


*7 साल का बकाया बना सिरदर्द, अब लोक अदालत में समझौते की राह*

# न्यायालय के आदेश पर कलेक्टर दफ्तर कुर्क करने पहुंचा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कवर्धा में एक छोटे से बकाया भुगतान का मामला प्रशासन के लिए बड़ी किरकिरी का कारण बन गया। न्यायालय के आदेश की अनदेखी के चलते खाद्य विभाग कार्यालय से लेकर कलेक्टर न्यायालय तक कुर्की की कार्रवाई शुरू हो गई, जिससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि अंतिम समय में नेशनल लोक अदालत में समाधान की सहमति बनने से फिलहाल राहत मिल गई है।

कवर्धा जिले में खाद्य विभाग द्वारा वर्षों से ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कुर्की का आदेश दिया

वर्ष 2019 में भोरमदेव महोत्सव व विधानसभा में प्रशासन व खाद्य विभाग द्वारा दिए गए आर्डर का करीब 6 से 7 लाख का बिल भुगतान शेष था, जिसमें कुछ भुगतान किया गया है। बचत राशि की भरपाई के लिए जिला न्यायालय द्वारा कुर्की का आदेश दिया गया है।

-पोखराज सिंह परिहार, अधिवक्ता

### वर्ष 2019 से अटका है वृंदावन रेस्टोरेंट का बिल

जानकारी के अनुसार 2019 में खाद्य विभाग ने वृंदावन रेस्टोरेंट संचालक से भोजन सप्लाई के लिए अनुबंध किया था, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। लंबे समय तक भुगतान के लिए चक्कर लगाने के बाद संचालक ने जिला न्यायालय में परिवाद दायर किया। इस मामले में लगभग 4 लाख 61 हजार 914 रुपये (ब्याज सहित) की राशि बकाया है।

**कारोबारी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं अपील तथा आवेदन**

राजधानी में जीएसटी की अपीलीय बेंच शुरू होने से कारोबारियों के विवादों का जल्द होगा निपटारा

# रायपुर में होगा अब जीएसटी विवादों का समाधान, बेंच ने शुरू किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य के कारोबारियों के जीएसटी विवादों का निपटारा अब राजधानी में होगा। नवा रायपुर में वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) बेंच ने गुरुवार से औपचारिक रूप से कार्य करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में सूचना जारी कर जानकारी दी गई है। बेंच को फिलहाल नवा रायपुर स्थित वाणिज्यिक कर-जीएसटी भवन परिसर में अस्थायी रूप से स्थापित किया गया है। यह बेंच अब राज्य के भीतर उत्पन्न सभी जीएसटी विवादों की सुनवाई करेगी। नवा रायपुर में वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण शुरू होने के बाद ▶▶|शेष पेज 7 पर




### ऑनलाइन अपील दायर कर सकते हैं

वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम 2025 के तहत कारोबारी कर विवाद का निपटारा करने अपील तथा आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके लिए ई-फाइलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होगी। कारोबारियों की तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन और ऑनलाइन सपोर्ट भी उपलब्ध है।

### बार एसोसिएशन करेगा सहयोग

राज्य जीएसटी अपीलिएट बार ट्रिब्यूनल एसोसिएशन ने जीएसटी देने वाले कारोबारियों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया है। एसोसिएशन ने अपील दाखिल करने, प्रक्रिया समझने और अधिकरण में पेशी से जुड़े मामलों में मार्गदर्शन देने की बात कही है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर कुमार सिंह ने इसे राज्य के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि अब हजारों लंबित जीएसटी मामलों के निपटारा के ▶▶|शेष पेज 7 पर



# निजी महाविद्यालयों की दो टूक-विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर अब विश्वास नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि की कार्यप्रणाली से संबद्ध महाविद्यालय परेशान हो गए हैं। नियमित कार्यों में हो रही लेटलतीफी और गलतियों को लेकर उनका गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। दुर्गा महाविद्यालय में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई थी। यह बैठक अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ द्वारा बुलाई गई थी। प्राचार्यों ने यहां अपनी समस्याएं रखीं। इसमें रविवि से संबद्ध 25 से अधिक महाविद्यालयों के प्राचार्यो ने हिस्सा लिया। बैठक में अकादमिक कैलेंडर के परिपालन में हर साल होने वाले विलंब को देखते हुए 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होते ही शासकीय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने शासन से मांग करने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होने वाली सेमेस्टर परीक्षा जून में होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा दो पाली के स्थान पर केवल सुबह की पाली में करवाने की मांग भी बैठक में उठी।

## प्राइवेट कॉलेजों ने गिनाई समस्या, रविवि के सामने रखेंगे मांग





### पूर्व में बनाई जाती थी कमेटी

निजी महाविद्यालय के शासी निकाय में अनिवार्य रूप से निजी महाविद्यालय के नियमित प्राचार्यो व वरिष्ठ प्राधायपकों को सम्मलित करने की मांग भी उनके द्वारा की गई। प्राचार्यों की मांग है कि महाविद्यालयीन परीक्षा में पारिश्रमिक बढ़ाया जाए। दो वर्ष पूर्व तक परीक्षा के समय सारणी जारी करने के पूर्व महाविद्यालय व विश्विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की एक कमेटी बनाई जाती थी, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। वर्तमान में यह व्यवस्था बदल दी गई है। परिणाम स्वरूप समय-सारणी में कई विषयों की परीक्षा का उल्लेख ही नहीं होता है, जिससे विवि की कार्यप्रणाली पर पूर्णतः विश्वास नहीं हो पाता है। पिछली सभी परीक्षाओं यह स्थिति निर्मित हुई है। अपनी समस्याओं को लेकर प्राचार्यों ने विवि प्रबंधन से मुलाकात का निर्णय लिया है।

## पॉवर कंपनी ने 63 सौ करोड़ के घाटे की लगाई है याचिका

# अगले माह से लग सकता है महंगी बिजली का झटका

## नया टैरिफ तय करने आयोग में चल रहा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को नए सत्र में महंगी बिजली का झटका लगना तय है। अब यह झटका कितना बड़ा होगा, इसका फैसला करने में बिजली नियामक आयोग लगा हुआ है। अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से और कुछ जानकारी मांगी थी, वह जानकारी आने के बाद अब अंतिम मंथन चल रहा है। संभावना है कि इस माह के अंत में नए टैरिफ का ऐलान कर इसे अगले माह से लागू किया जाएगा।

पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ सालभर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा, लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

### सरकार की सब्सिडी से मिल सकती है राहत

आयोग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे घाटे को तीन साल तक तीन किस्तों में भी बांटा जा सकता है, लेकिन ऐसा करने पर आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार को पॉवर कंपनी को जो विभिन्न योजनाओं में करोड़ों रुपए की मदद मिलती है, वह प्रभावित हो सकती है। ऐसे में एक रास्ता यह है कि जिस तरह से दो साल पहले राज्य सरकार ने हजार करोड़ की सब्सिडी दे दी थी तो कीमत कम बढ़ी थी। इस बार भी राज्य सरकार अगर सब्सिडी दे देगी को उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।

### घाटे के हिसाब से बढ़ेगा टैरिफ

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड़ भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे। ऐसे में आयोग भी परेशान है कि आखिर क्या किया जाए। ऐसे में फैसला लेने में थोड़ा विलंब हो रहा है। जितना घाटा नए सत्र में पूरा करने की मंजूरी मिलेगी, उसके हिसाब से टैरिफ में इजाफा होगा। आयोग की मंशा है कि टैरिफ में ज्यादा इजाफा न करना पड़े।



# लैलूंगा वन परिक्षेत्र में मिला हाथी शावक का शव जांच के लिए भेजा गया सैंपल, रिपोर्ट का इंतजार

## शव पर नहीं किसी तरह के चोट का निशान, संक्रमण से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज : रायगढ़



लैलूंगा वन परिक्षेत्र के चिल्कामुड़ा-अंडोडेरा में एक हाथी शावक का शव मिला है। वन अमला मौके पर पहुंच, जांच में जुट गया है। शव का पंचनामा कर सारी औपचारिकताएं पूरी कर पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि शावक की मौत के कारण स्पष्ट नहीं है, इसलिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार अधिकारी कर रहे हैं।

हाथी मित्र दल के सदस्य चिल्कागुड़ा और अंडोडेरा क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। इसी बीच उन्हें कक्ष क्रमांक 176 आरएफ में एक शावक का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौत के कारणों को जानने की कोशिश करने लगे, लेकिन शव में किसी तरह के चोट के निशान उन्हें नहीं मिला। ऐसे में वन अमले ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए शव का पंचनामा कर पीएम कराया । वहीं सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। सैंपल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया शावक की मौत किसी प्रकार के संक्रमण से होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में वर्तमान में 13 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में करीब 5 शावकों की मौजूदगी होने की चर्चा है। ऐसे में यह शावक भी इसी दल का हिस्सा हो सकता है। धरमजयगढ वनमंडल के अलग-अलग वन परिक्षेत्रों में कुल 13 हाथी विचरण कर रहे हैं। ऐसे में हाथी मित्र दल और अन्य क्षेत्रीय अमला इनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। साथ ही प्रभावित गांवों में ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी होने और सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है।

### एक माह में तीन शावकों की मौत

जानकारी के अनुसार मार्च से अप्रैल के बीच यह तीसरे हाथी की मौत हुई है। इससे पहले मार्च माह में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के कुरकुट नदी में दो शावकों के शव मिले थे। उक्त शावक अपने दल के साथ नहाने के लिए नदी में पहुंचे और डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### रिपोर्ट से होगा खुलासा

शावक के शरीर पर किसी तरह के कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम के बाद सैंपल जांच के लिए बरेली सहित अन्य जगहों के लैब में भेजे गए है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकता है।

-जितेन्द्र कुमार
डीएफओ


JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित
कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769


## राज्य सरकार की अपील एचसी से खारिज

# पूर्व सेवा गणना आधार पर पेंशन प्रकरणों का करें निर्धारण: हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शिक्षकों के पेंशन के संबंध में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने शिक्षक एलबी राजेन्द्र प्रसाद पटेल की याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य शासन की अपील को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने शिक्षाकर्मी एलबी की पूर्व सेवा गणना के आधार पर पेंशन के प्रकरणों का निर्धारण करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि ओपीएस में पूर्व सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



नगर निगम चिरमिरी में पदस्थ शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर संविलियन से पूर्व की सेवा को पुरानी पेंशन योजना ओपीएस में शामिल करने की मांग की थी। याचिका में कहा है कि संविलियन के बाद भी उनकी पूर्व सेवा को पेंशन गणना में नहीं जोड़ा जा रहा है जो उनके साथ अन्याय है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह पूर्व सेवा को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने पर विचार करें। इसके लिए सरकार को 120 दिनों का समय भी दिया गया था। हालांकि इस निर्देश पर अमल करने के बजाए राज्य सरकार ने सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील की थी। डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल भी पक्षकार के रूप में शामिल रहे।

### सिंगल बेंच का आदेश बरकरार

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई। राज्य सरकार ने अपने पक्ष में संविलियन की शर्तों का हवाला दिया। सरकार का तर्क था कि संविलियन के समय जो शर्ते तय की गई थी उसी के आधार पर पेंशन का निर्धारण किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया कि जब संविलियन के दौरान पूर्व सेवा की गणना को मान्यता दी गई है तो फिर पुरानी पेंशन योजना में उसे शामिल करने में कोई बाधार नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने माना कि पूर्व सेवा को नजरअंदाज करना न्यायसंगत नहीं है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया और सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा।

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के 265 एकड़ जंगल पर अतिक्रमण

**धमतरी**। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 265 एकड़ जंगल को काटकर 166 लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने का प्रकरण वन विभाग ने दर्ज किया है। अतिक्रमण का खुलासा इसरो की सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन सर्वे से हुआ है। 15 साल में जंगल में अतिक्रमण कर 1 लाख वृक्षों को काटा गया है। वन विभाग अतिक्रमणकारियों को जेल की हवा खिलाने की तैयारी में है।यूएसटीआर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व क्षेत्र से बाहर स्थित ग्राम जैतपुरी के 166 अतिक्रमणकारियों ने 15 साल में रिजर्व क्षेत्र के सीतानदी कोर में 106.06 हेक्टेयर/265 एकड़/ सघन वन को काटकर सिलसिलेवार अतिक्रमण किया है। इसमें से कुछ आरोपियों के खिलाफ 2011 में पीओआर दर्ज किया गया था। इस समय अतिक्रमण का रकबा 45 हेक्टेयर था। 166 आरोपियों के विरूद्ध पीओआर दर्ज कर आरोपियों को नोटिस दिया गया है।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर (डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
"जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर : 9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# जवान के सीक्वल में नजर आएंगे शाहरुख, स्क्रिप्टिंग का काम पूरा

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है। इसी बीच खबर है कि 'किंग' के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है। और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# सारा

## धुरंधर 2 की यलीना अब बनेंगी मधुबाला

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस मानी जाने वालीं मधुबाला की बायोपिक की चर्चा कई साल से हो रही है। इसके लिए कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए, पर किसी पर भी मुहर नहीं लगी। अब इसके लिए 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। यानी उनकी लॉटरी लग गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि वह मधुबाला पर बन रही बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगी। उनका नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए कन्फर्म है। इस बायोपिक को जसमीत के रीन डायरेक्ट करेंगी, जबकि संजय लीला भंसाली प्रोड्यूसर हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी। धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद इसे सारा अर्जुन के कॅरियर की अहम फिल्म माना जा रहा है, जो उनके कॅरियर को एक नई दिशा देगी। सारा अर्जुन वैसे तो बचपन से फिल्मों में काम कर रही हैं, पर धुरंधर ने उन्हें रातोंरात जबरदस्त स्टारडम दिलाया है। मधुबाला की बायोपिक की बात करें, तो यह कई साल से अटकी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बजट की कमी के कारण इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में यह ट्रैक पर लौट आई। अहम मोड़ तब आया जब संजय लीला भंसाली बतौर प्रोड्यूसर मधुबाला की बायोपिक से जुड़े। वहीं ,जसमीत के रीन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने विजय वर्मा और आलिया भट्ट स्टारर 'डार्लिंग्स' डायरेक्ट की थी। बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन ने मधुबाला की खूबसूरती, गरिमा और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को हूबहू उतारने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है।



## हॉलीवुड मसाला



# गर्लफ्रेंड संग सैर करते दिखे

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर हैरी स्टाइल्स और अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस जोई क्राविट्स की सगाई की खबरें तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गईं। क्या सच में हैरी और जोई ने सगाई की है? कुछ दिन पहले हैरी स्टाइल्स अपनी गर्लफ्रेंड जोई क्राविट्ज के साथ लंदन में सैर करते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो को गौर से देखने पर फैंस को पता चला कि जोई ने एक अंगूठी पहनी है। यह अंगूठी उस फिंगर में थी सिसमें सगाई की अंगूठी पहनी जाती है।



# रेसलर हल्क की डॉक्यूमेंट्री में सामने आया दर्दनाक सच

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग लीजेंड हल्क होगन की डॉक्यूमेंट्री रिलीज हुई है। हाल ही में उन्होंने अपनी इस डॉक्यूमेंट्री पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था जब वे सुसाइड करने वाले थे। रेसलिंग की दुनिया के दिग्गज हल्क होगन की जिंदगी का एक बेहद इमोशनल और मुश्किल दौर अब सामने आया है। उनकी नई डॉक्यूमेंट्री 'हल्क होगनः रियल अमेरिकन' में उन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में खुलकर बात की है। हल्क होगनः रियल अमेरिकन की इस 4-एपिसोड की सीरीज में हल्क होगन का आखिरी इंटरव्यू भी दिखाया गया है, जो उनके जुलाई 2025 में 71 साल की उम्र में निधन से पहले लिया गया था। इसमें उन्होंने बताया कि अपनी शादी टूटने के दौरान वह इतने टूट गए थे कि उन्होंने सुसाइड तक के बारे में सोचा था।



# पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है


**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही एक बातचीत में सोनम ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।



# गवर्नरः द साइलेंट का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** गुरुवार को मनोज बाजपेयी ने अपना 57वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' का फर्स्ट लुक सामने आया है। फिल्म को विपुल अमृतलाल शाह प्रोड्यूस करेंगे। जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। विपुल शाह द्वारा रिलीज किए गए फिल्म 'गवर्नर' के पोस्टर में काफी सस्पेंस नजर आ रहा है। पहले पोस्टर में एक हरी कुर्सी दिख रही है। जो किसी मंत्रालय या अधिकारिक ऑफिस की लग रही है। इस पोस्टर में फिल्म की कहानी या किरदारों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है। इसके साथ ही एक लाइन लिखी हुई है। 'ये सिर्फ कुर्सी नहीं.. जिम्मेदारी है।' वहीं फिल्म के दूसरे पोस्टर में मनोज बाजपेयी पीछे से नजर आ रहे हैं। वो फॉर्मल ड्रेस में हैं।

## टीवी मसाला



# सपने वर्सेस एवरीवन-2 का ट्रेलर रिलीज दोगुना हुआ किरदारों का संघर्ष

**नई दिल्ली।** सपने वर्सेस एवरीवन 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लगभग 4 साल पहले एक सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन रिलीज हुई थी। इस सीरीज में दो ऐसे लोगों की कहानी थी जो समाज के दोगले रवैया का शिकार हैं, इसके बावजूद वह अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। दूसरे सीजन में भी इस सीरीज के किरदारों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, यह दोगुना हो चुका है। क्या इस बार उन्हें अपनी मंजिल मिलेगी? या फिर उनके सपने टूट जाएंगे? 'सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में कहानी को लेकर काफी अंदाजा दर्शकों को सकता है। सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में सीरीज के दोनों मुख्य किरदार अपने सपनों को पूरा करने के सफर पर निकलते हैं। लेकिन, सपने कहां आसानी से पूरे होते हैं, इनके सपने अब नई मुश्किलें हैं। क्या यह मुश्किलें इन्हें तोड़ देंगी, मौत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर देंगी? इन सब सवालों के जवाब सीरीज के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। सीरीज 'सपने वर्सेस एवरीवन 2' अगले महीने रिलीज होगी। यह सीरीज 1 मई से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी। इस सीरीज में पहले सीजन के कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। अंबरीश वर्मा, पमरवीर चीमा, विजयंत कोहली दूसरे सीजन में भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## तुलसी का राज बरकरार, अनुपमा फिर पीछे


**नई दिल्ली।** पिछले कई हफ्तों से टीआरपी लिस्ट में स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पहले नंबर पर कब्जा जमाए बैठा है। 15वें हफ्ते में भी पहले नंबर पर यही सीरियल है। दूसरे नंबर पर वसुधा सीरियल को जगह मिली है, इसकी टीआरपी 15वें हफ्ते में



1.8 है। जबकि 14वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी 1.9 थी और ये तब भी दूसरे नबंर पर था। वहीं, 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है का नाम शामिल है। इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में यह सीरियल टॉप 5 में शामिल नहीं था। रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की बात करें तो वह 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। 'अनुपमा' सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। ऐसे में देखा जाए तो नए हफ्ते में इसकी टीआरपी बढ़ी है। 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पांचवें नंबर पर सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'है। 14वें हफ्ते में भी यह सीरियल इसी पोजिशन पर था। दोनों ही हफ्तों में इसकी टीआरपी 1.7 की रही है।

# बीआर से बोले थे महबूब - मत बनाओ तांगे वाले की फिल्म, लुट जाओगे...

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के यादगार फिल्म निर्माताओं की बात करें तो वह लिस्ट बीआर चोपड़ा के बिना अधूरी होगी। बलदेव राज चोपड़ा, यानी बीआर चोपड़ा साहब ने अपने कॅरियर में कई यादगार फिल्में दीं, लेकिन उनकी 1957 में रिलीज फिल्म 'नया दौर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी चर्चा में रहता है। यह वही फिल्म है, जिसकी कहानी शुरुआत में कई बड़े फिल्मकारों को पसंद नहीं आई थी, जिनमें मशहूर निर्देशक महबूब खान भी शामिल थे। बीआर चोपड़ा का इंडस्ट्री में योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने नई दिशा देने के साथ ही गंभीर विषयों पर आधारित कहानियों से दर्शकों तक पहुंचाया। साल 1998 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के अवार्ड, से सम्मानित किया गया।*



### एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी की कहानी

बीआर चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'नया दौर' की कहानी उन्हें उनके दोस्त और लेखक एफ.ए. मिर्जा ने सुनाई थी। यह कहानी इंसान और मशीनों के बीच संघर्ष पर आधारित थी, जिसमें एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी को केंद्र में रखा गया था। उस दौर में यह विषय काफी अलग और जोखिम भरा माना जाता था।

### कई फिल्ममेकर्स ने कहानी को कर दिया खारिज

दिलचस्प बात यह है कि इस कहानी को पहले कई नामी फिल्ममेकर्स को सुनाया गया, लेकिन सभी ने इसे खारिज कर दिया। किसी ने इसे डॉक्यूमेंट्री जैसा बताया, तो किसी ने बकवास कहकर नकार दिया। यहां तक कि महबूब खान ने भी इस कहानी को पसंद नहीं किया और इसे तांगे वाले की कहानी कहकर नजरअंदाज कर दिया। इसके बावजूद बीआर चोपड़ा को इस कहानी में दम नजर आया। उन्होंने तय किया कि वह इस पर फिल्म जरूर बनाएंगे।

***कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई :*** फिल्म रिलीज होने के बाद जो हुआ, वह इतिहास बन गया। 'नया दौर' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई और सिनेमाघरों में लंबे समय तक चली। फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया और अपनी कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई। फिल्म की सफलता के बाद जब इसकी सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी, तब महबूब खान ने बीआर चोपड़ा को फोन कर कहा, 'चीफ गेस्ट के तौर पर किसे बुला रहे हो?' फिर कहा, 'मैं ही चीफ गेस्ट के रूप में आ जाता हूं।'

# श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचे विवेक और शमिता, लिया आशीर्वाद



**मुंबई।** अभिनेता विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के दर्शन किए। दोनों सितारों ने पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में घूमते हुए भगवान श्री वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। शमिता शेट्टी गुलाबी रंग की साड़ी में मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। वहीं, विवेक ओबेरॉय भी पारंपरिक वेशभूषा में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने मंदिर गए। सफेद धोती के साथ उन्होंने लाल रंग का अंग वस्त्र धारण किया। मंदिर परिसर में विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तस्वीरें क्लिक कराईं। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में विवेक के किरदार का एक नया लुक जारी किया था। इसमें विवेक गहरे रंग का चोगा पहने, आंखों पर धूप का चश्मा लगाए और हाथ में तलवार लिए दिखे। उनका लुक फैंस को बहुत रहस्यमयी और दमदार लगा। इस फिल्म में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आएंगी।

## खूब सुना जाता है ये पुराना गीत, दिल को देता है सुकून

# 48 साल बाद भी कल्ट बना हुआ किशोर और लता का गाना

### यादगार गीत

हिंदी सिनेमा के उम्दा गायकों के तौर पर किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपनी पहचान बनाई थी। दोनों के निधन के बाद भी इनके गानों को आज भी श्रोता खूब सुनते हैं। इस बीच हम आपको लता दीदी और किशोर दा के जिस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे 1978 में आई फिल्म डॉन के लिए इन दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान पर फिल्माए गए उस सॉन्ग का नाम- जिसका मुझे था इंतजार... था।

### आशा ने गाया था ये गाना

किशोर कुमार और लता मंगेशकर अलावा डॉन फिल्म का एक गाना आशा भोसले ने भी गाया था। वह गीत ये मेरा दिल यार का दीवाना... था, जिसे आशा ताई ने अपनी मधुर आवाज दी थी।

***नई दिल्ली।*** *सुरों के सरताज किशोर कुमार और सुरों की कोकिला लता मंगेशकर हिंदी सिनेमा के दो दिग्गज गायक हुआ करते थे। अपने-अपने गायिकी के करियर में इन दोनों ने कई शानदार नगमों को मधुर आवाज के जरिए अमर किया, जिन्हें श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर आज हम आपको किशोर दा और लता दीदी के एक यादगार गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 48 साल पहले दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। 7 मिनट लंबा वह गीत आज भी लोगों की जुबान पर आसानी से आ जाता है।*



### बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग

48 साल पुराना किशोर कुमार और लता मंगेशकर का ये गाना आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गीत के संगीतकार कल्याण जी और आनंद जी की जोड़ी थी, जबकि गीतकार की जिम्मेदारी अनजान जी ने निभाई थी और इस तरह जाकर डॉन का ये आइकॉनिक सॉन्ग बनकर तैयार हुआ। लता मंगेशकर नहीं, लेकिन किशोर कुमार अमिताभ की डॉन के अधिकतर गानों को अपनी आवाज दी थी, जिनमें ये गाने शामिल रहे- ये है बंबई नगरिया..., खाइके पान बनारस वाला...,अरे दीवानों मुझे पहचानो...।

चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान परिपक्व लोकतंत्र का संकेत

हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ है, उसने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया है। दोनों राज्यों के लोगों ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंगाल में लगभग 90 प्रतिशत और तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु में पहली बार मतदाताओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले। यह प्रमाणित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस बढ़ती राजनीतिक चेतना का संकेत हैं, जो अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित होती है। जब अधिक से अधिक लोग मतदान करते हैं, तो यह स्पष्ट संदेश जाता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। लोग अपने मत के महत्व को समझने लगे हैं और उसका प्रयोग कर अपने मन व हितों को समझने वाले जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए कर रहे हैं। बंगाल में एक चरण का मतदान हो चुका है, अब उम्मीद है कि अगले चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की राय भी चुनाव परिणाम में परिलक्षित होगी। लंबे समय तक यह चिंता जताई जाती रही कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है या युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाए रखता है। इस बार के आंकड़े इस धारणा को काफी हद तक तोड़ते नजर आते हैं। खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की सक्रियता इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू है। उच्च मतदान के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी मुद्दों की तीव्रता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींचती है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूचियों में सुधार भी एक अहम कारक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के बाद सूचियों को अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे फर्जी, या निष्क्रिय, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों के नामों को हटाया गया। इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ा है, क्योंकि अब वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। असम, केरल और पुडुचेरी में भी हाल के चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। यह प्रवृत्ति बताती है कि देशभर में मतदाता अब पहले की तुलना में अधिक सजग और सक्रिय हो रहे हैं। यह केवल चुनावी उत्साह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था का संकेत है। रिकॉर्ड मतदान का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे चुनी गई सरकारों की वैधता और स्वीकार्यता बढ़ती है। जब बड़ी संख्या में लोग मतदान करते हैं, तो यह सरकार को व्यापक जनादेश प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप सरकारों पर यह दबाव भी बनता है कि वे किसी एक वर्ग या समुदाय के बजाय सभी के हितों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाएं। इस तरह उच्च मतदान सामाजिक समावेशन और संतुलित विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि यह जागरूकता मतदान के बाद भी बनी रहती है, तभी लोकतंत्र वास्तव में परिपक्व कहा जा सकता है। कुल मिलाकर बंगाल और तमिलनाडु में हुआ रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और मजबूती का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि देश का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय हो चुका है। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत का लोकतंत्र न केवल विशाल है, बल्कि वास्तव में परिपक्व भी है।

# खामोशी से बदलता ग्रामीण भारत



दिवस विशेष
बलकार सिंह पूनियां

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं।

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"- भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिससे नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय निरंतर विस्तार पा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत उसके गांवों में निहित है और इन गांवों की शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

73वें संविधान संशोधन (1992) के लागू होने के बाद, जब पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, तब शायद ही किसी ने यह कल्पना की होगी कि यह प्रावधान एक गहरी सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा। आज यह क्रांति किसी शोर-शराबे या आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि 'मौन क्रांति' के रूप में सामने आई है, जिसमें महिलाएं न केवल संख्या में बढ़ी हैं, बल्कि नेतृत्व के केंद्र में आकर ग्रामीण भारत के विकास की दिशा तय कर रही हैं। 73वां संविधान संशोधन भारतीय लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुआ, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए महिलाओं के लिए न्यूनतम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया। समय के साथ 20 से अधिक राज्यों द्वारा इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देने से ग्रामीण शासन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है।

आज देश की लगभग 2.6 लाख पंचायतों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में करीब 14.5 लाख महिलाएं हैं, जो कुल का लगभग 46 प्रतिशत हैं, और कई राज्यों में यह आंकड़ा 50 से 53 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है। यह न केवल विश्व में स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि ग्रामीण लोकतंत्र अब पारंपरिक पुरुष-प्रधान ढांचे से आगे बढ़ चुका है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से उभरता महिला नेतृत्व ग्रामीण भारत में एक 'मौन क्रांति' का रूप ले चुका है, जो बिना शोर-शराबे के सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सशक्त लोकतंत्र की नई दिशा तय कर रहा है। महिला नेतृत्व के विस्तार ने ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ाकर मानवीय विकास के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहां पहले पंचायतों का ध्यान मुख्यतः सड़कों, भवनों और भौतिक संरचनाओं तक सीमित रहता था, वहीं महिला प्रतिनिधियों ने पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा



और पोषण जैसे जीवन-गुणवत्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न अध्ययनों और आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट होता है कि महिला-नेतृत्व वाली पंचायतों में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूल नामांकन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं के फंड का उपयोग लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही के स्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। इस प्रकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जन-केंद्रित दिशा भी प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में महिलाओं का उभरता नेतृत्व आज ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुका है। पीआईबी 2024 के अनुसार, सम्मानित पंचायतों में से लगभग 42% का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, जो यह दर्शाता है कि महिला प्रतिनिधि केवल सहभागिता तक सीमित नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मानक स्थापित कर रही हैं। नारी शक्ति, "स्वस्थ पंचायत और बाल हितैषी पंचायत" जैसी श्रेणियों के साथ-साथ कार्बन न्यूट्रल जैसे आधुनिक विषयों में भी उनका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत द्वारा 26 पुरस्कार जीतना इस नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है।

सरकार द्वारा पुरस्कारों का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई जैसी ऐतिहासिक नायिकाओं के नाम पर रखना भी इस परिवर्तन को सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान करता है। फिर भी यह 'मौन क्रांति' चुनौतियों से अछूती नहीं है। कई क्षेत्रों में 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां महिलाओं की वास्तविक स्वायत्तता को सीमित करती हैं, जबकि पहली बार सार्वजनिक जीवन में आने वाली अधिकांश महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और संवैधानिक प्रावधानों की सीमित जानकारी होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लगभग 70–80 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों को प्रारंभिक स्तर पर पंचायत की कार्यप्रणाली की पूरी समझ नहीं होती, जिससे उनके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अंतर को तेजी से कम किया है। वर्ष 2025-26 में 7 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिससे उनकी प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सशक्तिकरण ने भी इस परिवर्तन को नई गति दी है।

यदि इसे सतत प्रशिक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समर्थन से और मजबूत किया जाए, तो यह मौन क्रांति न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदल सकती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को भी अधिक समावेशी और सशक्त दिशा प्रदान कर सकती है। स्पष्ट है कि पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व ग्रामीण भारत एक 'मौन क्रांति' के रूप में उभर रहा है। बिना शोर के लोकतांत्रिक भागीदारी, विकास की प्राथमिकताओं और सामाजिक संरचना को बदल रहा है। हालांकि, इस परिवर्तन को स्थायी रूप देने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय स्वायत्तता और सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। जब महिलाएं वास्तविक निर्णयकर्ता के रूप में पूरी तरह सशक्त होंगी, तब यह मौन क्रांति समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत की ठोस आधारशिला बन जाएगी।

( लेखक इग्नू में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

-डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायतीराज संस्थाएं- विकसित भारत का आधार स्तंभ


महात्मा गांधी के ग्राम- स्वराज की अवधारणा को साकार करने हेतु संविधान में 73वां संशोधन किया गया। 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, इसका सीधा प्रभाव स्थानीय स्व-शासन द्वारा लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर पड़ा एवं समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा। भारत गांवों का देश है, देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। आज आवश्यकता है, कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और ग्राम पंचायतें केवल लाभार्थी चयन तक सीमित ना रहे, बल्कि विकास का केन्द्र बिन्दु बने। पंचायती राज संस्थायें डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके कामकाज में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और जवाबदेही को मजबूत बनाएं। पंचायती राज मंत्रालय ने इस दिशा में अभिनव प्रयास किए है, जो विकसित भारत का आधार स्तंभ है। माननीय प्रधानमंत्री 24 अप्रैल 2020 को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का शुभारंभ कर ई-पंचायत का सूत्रपात किया, जिसमें पंचायत स्तर पर डिजिटल आयोजन, लेखांकन, निगरानी और ऑन-लाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया। ई-ग्रामस्वराज का सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकरण होने से विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को वास्तविक समय में भुगतान करना संभव हो सका। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 2,58,730 ग्राम पंचायतों में से 2,44,175 ग्राम पंचायतों और उनके समकक्ष निकायों (94.37 प्रतिशत) ने ई-ग्राम स्वराज पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से राशि रु. 39,440.70 /– करोड़ का भुगतान किया है, इसमें महाराष्ट्र राज्य ने सबसे अधिक राशि रु. 3512.37 करोड़, बिहार रु. 2695.35, मध्यप्रदेश 2129.33, पश्चिम बंगाल 2114.49, कर्नाटक 1870.97, ओडिसा 1813.69 तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राशि रु. 761.35 करोड़ का भुगतान का किया है (18.03.2026 की स्थिति में)।

पंचायतों के कार्यवाहियों का सही/प्रमाणित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा और पंचायतों की बैठक के वाईस-टू-टेक्स्ट और सारांश के लिए एआई-सक्षम प्लेटफार्म ''सभासार'' प्रारंभ किया गया है। फरवरी 2026 तक 2,58,730 ग्राम पंचायतों में से 1,15,115 ग्राम पंचायतों ने बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करने के लिए सभासार पोर्टल का उपयोग किया और पोर्टल पर 3.39 लाख से अधिक कार्यवृत्त अपलोड किए है जो राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 43 प्रतिशत है। सभासार प्लेटफार्म को अपनाने वाले राज्यों में भी काफी भिन्नता है, तामिलनाडु (99.75 प्रतिशत), ओड़िसा (99.37 प्रतिशत), त्रिपुरा (90.75 प्रतिशत), झारखंड़ (79.82 प्रतिशत) और बिहार (79.01 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों ने सभासार को अपनाया है, जो विकसित भारत के निर्माण में डिजिटल उपकरण के मजबूत एकीकरण को दर्शाता है। ''मेरी पंचायत ऐप'' ग्राम सभा सदस्यों को पंचायत विकास योजना, गतिविधियों और कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी तक पहुंच प्रदान करता है। पंचायत निर्णय, ग्राम सभा की बैठकों के पारदर्शी संचालन और प्रबंधन को सुगम बनाता है।

ग्रामीण स्थानीय निकायों ने स्वयं के राजस्व स्रोत (ओएसआर) से वर्ष 2017-2018 से वर्ष 2021-22 के दौरान राशि रु. 25,595 करोड़ एकत्र किया गया, और इस अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पर प्रति व्यक्ति ओएसआर रु. 59/- प्रति वर्ष था। राज्यों में प्रति व्यक्ति ओएसआर में काफी भिन्नता हैं, जो गोवा में सबसे अधिक रु. 1635/- पुदुच्चेरी में रु.757/-, केरला में रु. 286/- आन्ध्रप्रदेश में रु. 209/-, गुजरात में रु.199/- एवं छत्तीसगढ़ में रु. 70/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष रहा है। ओएसआर संग्रह को डिजिटाइज करने के लिए ''समर्थ पंचायत पोर्टल'' विकसित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के राजस्व स्रोत में वृद्धि के माध्यम से आत्मनिर्भरता (स्वयं-निर्भरता) के अनुकरणीय प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु पंचायती राज मंत्रलय द्वारा विशेष पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। 16वें वित्त आयोग ने ग्रामीण स्थानीय निकाय निष्पादन अनुदान के रुप में राशि रु. 43,524/- करोड रुपए के आबंटन का सिफारिश की है, जिसे ओएसआर के सृजन और वृद्धि से जोड़ा गया है। डिजिटल सशक्तिकरण का उद्देश्य पंचायतों के वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और विस्तारशीतला लाना है। पंचायतें 11वीं अनुसूची के 29 विषयों से संबंधित गतिविधियों पर कार्य योजना का निर्माण कर सतत विकास के 17 वैश्विक लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर 09 थीम में विभाजित कर कार्य योजना का निर्माण कर रही है, वर्ष 2025-26 में 2,52,727 जी.पी.(93.91 प्रतिशत जी.पी) ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण की है। पंचायत एडवांसमेंट इनडेक्स (उन्नति सूचकांक) से पंचायतों की सही स्थिति सामने आई है, पंचायते स्थानीय स्तर पर 09 थीम के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आगे बढ़ रही है, जो विकसित भारत के निर्माण में आधार स्तंभ है। डिजीटल कनेक्टीविटी के विस्तार ने ग्राम पंचायतों को नई दिशा दी है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को ग्रामीणजनों तक सरलता एवं सुगमता से पहुंचाया है। विकसित भारत के निर्माण में पंचायतीराज संस्थाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी, ग्रामसभा का सदस्य केवल उपभोग नही बल्कि उत्पादन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार होता है। पंचायतों में स्वसहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा। ग्रामीण महिलाओं की भूमिका विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण होगी, ग्रामीण महिलायें प्रबंधन की धुरी है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं मजबूती मिलेगी। पंचायतों में महिला स्व-सहायता समूहों ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी गढ़ी है, जिससे महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्म विश्वास बढ़ा है, वे समाज के विकास के साथ-साथ देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

*-संकाय सदस्य (पंचायती राज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*


## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।


## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जाएगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं, ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनिया के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनिया की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### ज्ञान की विरासत व रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रुचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआई के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों के महत्व को रेखांकित करता है। – *सुनील मेहता, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में हैकरों ने मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम किए हैक



श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि साइबर हैकरों ने मंत्रालय के बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें सेंध लगा ली और विदेशी मुद्रा भुगतान से संबंधित चोरी को अंजाम दिया। वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने चोरी के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थानों के पास शिकायत दर्ज करा दी है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, 'साइबर हैकरों ने संस्थान के अंदर बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा ली है।' यह बयान विपक्ष के उस दावे के बाद जारी किया गया जिसमें कहा गया था कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर के राजकोषीय धन को विदेशी ऋण चुकाने से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई खाते के बजाय किसी अन्य खाते में भेज दिया गया है। विपक्ष के वकीलों के एक समूह ने संसद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि सितंबर 2025 में श्रीलंका को एक ऋणदाता को 2.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना था। वकीलों के समूह ने बताया कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर की आंशिक राशि का भुगतान दिसंबर 2025 और 31 जनवरी 2026 के बीच किया गया था। अब यह खुलासा हुआ है कि आंशिक भुगतान सही ऋणदाता के खाते में नहीं बल्कि एक हैकर के खाते में पहुंचा था।

## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं



एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल–फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।

## ट्रेंड

### गहरी संवेदनाएं



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री,

### विचारधाराओं की लड़ाई



विचारधाराओं की इस लड़ाई में केवल कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। वे अधिकार छीनते हैं, हम उन्हें दिलाते हैं। वे संविधान मिटाना चाहते हैं, हम उसकी रक्षा करते हैं। वे भारत की विविधता को नष्ट करना चाहते हैं, जबकि हम हर संस्कृति और हर भाषा का सम्मान करते हैं।

-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### महिला आरक्षण



भारत की महिलाओं ने इस उम्मीद से संसद की ओर देखा कि 33% आरक्षण जल्द लागू किया जाएगा और नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आवाज उठाने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने इस कदम को रोक दिया।

- **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### उपद्रवी तत्व



भाजपा के उपद्रवी तत्व अब सीधे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि अहंकारी भाजपा सरकार ही उनकी रक्षक है। क्या अब पुलिस को भी पीड़ित कहा जाएगा?

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल

**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।



**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना





प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *



**किताब :** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन :** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
**-श्रेया, रायपुर**

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
**-अक्षत, बिलासपुर**

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
**-सारांश, रोहतक**

## जीके क्विज-202



1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?

**बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।


'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# आईपीएल : गेल ने 37, रसेल ने 47 और क्लासेन ने 52 पारी में ठोक डाले 100 छक्के

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में हेनरिक क्लासेन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम योगदान दिया। क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। इस बीच लीग में सबसे कम पारियों में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### हेनरिक क्लासेन (52 पारी)

*क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर की 52 पारियों में छक्कों का शतक पूरा किया। क्लासेन ने 1,072 गेंदों में 100 छक्कों का आंकड़ा छुआ, जिससे वह गेंदों के हिसाब से सातवें सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। क्लासेन ने मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने 56 मैचों में 41.86 की औसत और 166.51 के स्ट्राइक रेट से 1,800 रन बनाए हैं।*

### गेल (37 पारी)

*वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 37 पारियों में अपने 100 छक्के पूरे किए थे। वह आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेले थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था। आखिरी बार वह 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। गेल ने 142 मैच की 141 पारियों में 357 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 404 चौके भी निकले थे। इस खिलाड़ी ने 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे।*



### आंद्रे रसेल (47 पारी)

*केकेआर के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल ने 47 पारियों में अपने 100 आईपीएल छक्के पूरे किए थे। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 140 मैच खेले, जिसमें 28.20 की औसत और 174.17 की स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 12 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 88 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 23.27 के औसत से 123 विकेट भी लिए हैं।*

## आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक कुछ बेहतरीन शतक लग चुके हैं। इस सीजन के 31वें मैच में एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 68 गेंदों में 135 रन की बड़ी पारी खेली। उनके शतक की मदद से एसआरएच ने मैच में 47 रन से जीत दर्ज की। इस बीच टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली

विराट कोहली का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में अब तक 13,000 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें कुल 9 शतक शामिल हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने 8 शतकीय पारियां खेली हैं। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बता दें कि कोहली 2007 से टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में कुल 8 शतक लगा चुके हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 12,000 से अधिक रन बना चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 151 पारियों में 4,231 रन के साथ किया था। इसके अलावा आईपीएल में उनके बल्ले से 2 शतक और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक शतक निकले हैं।

## खबर संक्षेप

### बार्सिलोना सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है।

### हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी



**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। **सिटी और आर्सेनल के हुए समान अंक :** अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रियानुज और ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने



**देहरादून।** असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। **अंडर-17 में रोमांचक रहा मुकाबला :** वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ऋत्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता।

### आईपीएल के इस संस्करण चेन्नई सुपर किंग्स ने दर्ज की अपनी तीसरी जीत

# सैमसन के शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हरा दिया। इसी के साथ उसने आईपीएल 2026 में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। चार मुकाबलों में इस टीम को हार का सामना भी करना पड़ा है। वहीं, एमआई को इस संस्करण 5वीं हार मिली है। टीम अब तक सिर्फ 2 मुकाबले ही जीत पाई है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सीएसके के लिए संजू सैमसन ने शतकीय पारी (101*) खेली। उनके अलावा रुतुराज गायकवाड़ ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। सीएसके ने 207/6 का स्कोर बनाया।

अल्लाह गजनफर और अश्विनी कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में एमआई के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अकील हुसैन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट अपने नाम किए। एमआई 19 ओवर में सिर्फ 109 का स्कोर रन ही बना पाई।

### ऐसी रही सैमसन की शतकीय पारी

सीएसके के लिए सैमसन सलामी बल्लेबाज के रूप में आए थे। पहले विकेट के लिए उन्होंने गायकवाड़ के साथ 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। इसके बाद सरफराज खान के साथ 16 गेंदों में 40 रन की साझेदारी निभाई। डेवाल्ड ब्रेविस के साथ उन्होंने 31 रन और कार्तिक शर्मा के साथ 43 रन जोड़े। उन्होंने 54 गेंदों का सामना कर 101* रन बनाए। उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 187.04 की रही।




### सैमसन ने की केएल राहुल की बराबरी

सैमसन ने इस शतक के साथ ही केएल राहुल की बराबरी कर ली। राहुल के भी आईपीएल में 5 शतक हैं। अब सैमसन आईपीएल में संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे ज्यादा शतक सिर्फ विराट कोहली (8), जोस बटलर (7) और क्रिस गेल (6) के हैं। सैमसन ने डेविड वार्नर, शुभमन गिल और शेन वॉटसन को पीछे छोड़ दिया है। इन खिलाड़ियों के आईपीएल में 4-4 शतक हैं।

### सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक सैमसन के

सैमसन आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कप्तान गायकवाड़, मुरली विजय और शेन वॉटसन की बराबरी कर ली है। इन खिलाड़ियों ने भी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा 2-2 शतक लगाए थे। सीएसके के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी माइक हसी, ब्रेडन मैकुलम, सुरेश रैना और अंबाती रायडू ने इस फ्रेंचाइजी के लिए एक-एक शतक अपने नाम किए थे।

### ऐसी रही अकील की घातक गेंदबाजी

अकील ने 4 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन के साथ सिर्फ 17 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 4.20 की रही। इस खिलाड़ी ने दानिश मालेवार (0), नमन धीर (0), सूर्यकुमार यादव (36) और और तिलक वर्मा (37) को अपना शिकार बनाया। अकील ने आईपीएल में पहली बार 4 विकेट हॉल लिया। उनके अलावा नूर अहमद ने 4 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 6 की रही।

### ये बड़े रिकॉर्ड्स सैमसन ने किए अपने नाम

सैमसन सीएसके के पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने एमआई के खिलाफ कोई शतकीय पारी खेली। इस मुकाबले से पहले सबसे बड़ा स्कोर गायकवाड़ के नाम था। उन्होंने 88* रन की पारी खेली थी। टी-20 क्रिकेट में अब सैमसन के 8 शतक हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। अब टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए उनसे ज्यादा शतक सिर्फ कोहली और अभिषेक शर्मा ने बनाए हैं। इन दोनों के नाम 9-9 शतक हैं।

## आईपीएल इतिहास में भुवनेश्वर 208 व बुमराह 184 धुरंधरों को पहुंचा चुके हैं पैवेलियन



एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 30वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों से हरा दिया। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद बुमराह ने इस संस्करण में अपने विकेटों का खाता खोला और पारी की पहली गेंद पर साई सुदर्शन को आउट कर दिया। इसके साथ ही वह ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल में दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज बन गए।

### भुवनेश्वर - 208 विकेट

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार हैं। उन्होंने इस संस्करण में ही अपने 200 विकेट पूरे किए हैं। भुवनेश्वर ने अब तक 196 मैचों में 26.98 की औसत से 208 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 2 बार 5 और दो बार 4 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है।

### बुमराह - 184 विकेट

बुमराह अब आईपीएल इतिहास में तेज गेंदबाजों में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने 151 मैचों में 22.88 के औसत से 184 विकेट लिए हैं।

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5th Floor, Pragati Sadan (RRDA Building), Kutchery Chowk, Ranchi-834001
**O.A. NO. 449 of 2024**
HDFC Bank Ltd., Bokaro Br., Bokaro ......... Applicant Bank
-VS-
M/s Shiv Shakti Enterprises and Ors. .............Defendants
SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| Sr. No. | Defendants | Address |
|---|---|---|
| 1. | M/s Shiv Shakti Enterprises, Prop.: Chandrasekhar Prasad Singh | Unit At-Flat No. AG 206, Surya Residency, Junwani, Kohka Road, Bhilai, Durg, Chhatisgarh-490023. |
| 2. | Chandrasekhar Prasad Singh, S/o-Late A.P. Singh | R/o- Q. No. 813, Sector 3/D, P.O.: Sector-3, B.S. City, Bokaro-827003. |
| 3.. | Ajay Kumar Singh, S/o-Chandrasekhar Prasad Singh | R/o- Q. No. 316, Sector 3/E, P.O.: Sector-3, P.S.-City Thana, B.S. City, Bokaro-827003. |

Whereas, the applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs.5,49,95,971.33/- (Rupees Five Crore Forty Nine Lakhs Ninety Five Thousand Nine Hundred Seventy One and Thirty Three Paisa Only) together with current and future interest, cost for other eliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar** in on **06th day of May, 2026 at 10.30 A.M**. as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show - cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **18th day of March, 2026**.

Sd/-
Registrar

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष जूनियर ट्रैक एवं फील्ड एथलीट

एजेंसी ⏭ तुमकुर (कर्नाटक)

देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित 1,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

### अगले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालीफिकेशन मानक घोषित किए हैं।



### पहले दिन महिला खिलाड़ियों का भी फैसला

प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में भारत से बनाई अजेय बढ़त

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।



### हरमन और शेफाली के अर्धशतक बेकार

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया।

### मैच आज बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

# जीत से उत्साहित आरसीबी व जीटी के बीच भिड़ंत आज

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से होगा। आरसीबी ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबले खेले हैं। 4 मैच में उसे जीत और 2 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी ने भी 6 मैच खेले हैं। तीन मैच में उसे जीत और इतने ही मुकाबलों में उसे हार मिली है।

यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। यह मैदान अपनी छोटी बाउंड्री के कारण हाई स्कोरिंग मैदान के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यहां स्पिन गेंदबाजों बीच के ओवर के दौरान प्रभावशाली होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल मैचों के दौरान पहली पारी का औसत स्कोर 167 रन का है। बेंगलुरु में सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद 287/3 बनाम आरसीबी 2024 के नाम पर दर्ज है।

### दोनों के बीच रहा बराबरी का मुकाबला

आईपीएल के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान आरसीबी को 3 मैच में जीत मिली है। जीटी ने भी 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उस मुकाबले को जीटी ने 8 विकेट से अपने नाम किया था। आईपीएल 2024 में दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले हुए थे और दोनों मैच में आरसीबी को जीत मिली थी।



### कैसा रहेगा मौसम का हाल?

एक्यूवेदर के मुताबिक, 24 अप्रैल को बेंगलुरु में अच्छी गर्मी होगी। दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। मैच की शुरुआत शाम 7:30 बजे होगी। बारिश की कोई संभावना नहीं है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

*आरसीबी के लिए कोहली ने पिछले 10 मैचों में 44.33 की औसत से 399 रन बनाए हैं। सॉल्ट के बल्ले से पिछले 10 मैचों में 366 रन निकले हैं। वहीं जीटी के लिए शुभमन ने पिछले 9 मैच में 157.14 की स्ट्राइक रेट से 407 रन बनाए हैं। गेंदबाजों में भुवनेश्वर ने पिछले 10 मैच में 9.05 की इकॉनमी से 15 विकेट लिए हैं। जीटी से रबाडा ने पिछले 8 मैचों में 10.45 की इकॉनमी से 10 विकेट चटकाए हैं।*

**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के समक्ष**
(द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), मुख्य डाकघर के पास, रेजीडेंसी रोड, जबलपुर - 482001 मध्य प्रदेश)

OA/72/2023 दिनांक : 09.04.2026

यूको बैंक (UCO BANK) - आवेदक
बनाम
मेसर्स याना प्रिंटर्स एवं अन्य - प्रतिवादीगण


प्रति,
(1) मेसर्स याना प्रिंटर्स, द्वारा प्रोप्राइटर (स्वामी) श्रीमती कविता वाघे, पति रवि कुमार वाघे, ब्लॉक नंबर 46, क्रॉस स्ट्रीट-1, सेक्टर-1, वार्ड 37, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़।
(2) रवि कुमार वाघे, पिता प्रकाश चंद्र वाघे, निवासी: ब्लॉक नंबर 46, क्रॉस स्ट्रीट-1, सेक्टर-1, वार्ड 37, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़। - प्रतिवादीगण

**समन**

चूंकि OA संख्या 72/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष दिनांक 05.02.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।
चूंकि, यह माननीय न्यायाधिकरण आपके विरूद्ध रू. 32,04,245/- (संबंधित व्यय और भविष्य के ब्याज सहित) के ऋण वसूली के लिए दायर उक्त आवेदन (OA) पर अधिनियम की धारा 19(4) के तहत समन/नोटिस जारी करते हुए प्रसन्न है।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार, आप प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :-
(i) समन की तामीली के तीस दिनों के भीतर कारण बताएं कि मांगी गई राहत क्यों न प्रदान की जाए।
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3A के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करें।
(iii) संपत्तियों की कुर्की के आवेदन पर सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक, आपको सुरक्षित परिसंपत्तियों (secured assets) या मूल आवेदन की क्रम संख्या 3A के तहत प्रकट की गई ऐसी अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों के लेनदेन या निपटान से प्रतिबंधित किया जाता है।
(iv) आप न्यायाधिकरण के पूर्व अनुमोदन के बिना, उन संपत्तियों को जिन पर सुरक्षा हित (secured interest) बनाया गया है और/या मूल आवेदन की क्रय संख्या 3A के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा तरीके से (सामान्य व्यवसायिक कार्यों के अलावा) हस्तांतरित नहीं करेंगे।
(v) आप व्यवसाय के सामान्य क्रम में सुरक्षित परिसंपत्तियों या अन्य संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि का हिसाब देने और ऐसी बिक्री राशि को उस बैंक या वित्तीय संस्थान के खाते में जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगे, जिसके पास ऐसी संपत्तियों पर सुरक्षा हित है।
आपको लिखित विवरण (Written Statement) दाखिल करने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसकी एक प्रति आवेदक को दी जाए और आप 25.05.2026 को प्रातः 10.30 बजे न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित हों, विफल रहने पर आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।
आज दिनांक 09 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मुहर के तहत जारी किया गया।

मुहर ऋण वसूली न्यायाधिकरण जबलपुर

# अंतरिक्ष में दिखा टूटता हुआ तारा, सामने आई खूबसूरत तस्वीर



वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में होने वाली हलचल जब भी कैमरे में कैद होती है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। क्या आपने कभी सोचा है कि जिस टूटते हुए तारे को हम हसरत भरी निगाहों से देखते हैं, वह अंतरिक्ष से कैसा दिखाई देता होगा? नासा की अंतरिक्ष यात्री जेसिका मीर ने इंटरनेशलन स्पेस स्टेशन से एक ऐसी ही दुर्लभ तस्वीर शेयर की है, जिसे देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे।

## नासा एस्ट्रोनॉट ने कर दिया कमाल



### अंतरिक्ष से दिखा अनोखा नजारा

नासा की अंतरिक्ष यात्री जेसिका मीर ने अपनी पोस्ट में बताया कि स्पेस स्टेशन के क्यूपोला यानी खिड़कियों वाला हिस्सा से उन्होंने इस घटना को कैमरे में कैद कर लिया। जेसिका ने अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए लिखा कि वह बहुत भाग्यशाली रहीं कि उन्हें सही समय पर कैमरे से इन नजारों को शूट करने का मौका मिला। जहां पृथ्वी पर मौजूद लोग जमीन से आसमान की तरफ देखते हैं, वहीं स्पेस स्टेशन से यह नजारा बिल्कुल अलग और भव्य नजर आता है।



### कमाल की है ये तस्वीर


शेयर की गई तस्वीर के बारे में विस्तार से बताते हुए जेसिका ने कहा कि उन्होंने इसे थ्री-सेकंड एक्सपोजर के साथ क्लिक किया है। इस टेक्नोलॉजी की वजह से तस्वीर के दाईं तरफ जमीन पर मौजूद शहरों की रोशनी चमकती हुई लकीरों की तरह दिखाई दे रही है। वहीं, बाईं तरफ एक उल्का की लकीर साफ दिखाई दे रही है।

### क्या है लिरिड उल्कावृष्टि?

लिरिड उल्कावृष्टि यानी उल्कापात साल में होने वाली एक खगोलीय घटना है। उन्होंने यह भी बताया कि लिरिड उल्कापात हर साल अप्रैल में होता है और इसे उत्तरी गोलार्ध में आसानी से देखा जा सकता है। जेसिका ने बताया कि उत्तरी गोलार्ध में रहने वाले लोग आसमान में लाइरा नक्षत्र की तरफ देखने पर इन टूटते हुए तारों को देख सकते हैं।

**रोचक खबरें**

# अरुणाचल के जंगलों में मिला घर बनाने वाला नन्हा जीव



**नई दिल्ली।** भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश के जंगलों से जीव-जंतुओं की दुनिया से एक अजब-गजब खबर सामने आई है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों ने नामदफा टाइगर रिजर्व में मेंढक की एक नई प्रजाति की खोज की है। यह नन्हा सा जीव अपनी एक अनोखी खूबी को लेकर चर्चा में बना हुआ है। पक्षियों को घोंसला बनाते और मधुमक्खियों को छत्ता बनाते हुए तो आपने अभी तक जरूर देखा होगा, लेकिन क्या कभी किसी मेंढक को अपना घर बनाते हुए देखा है? जवाब होगा नहीं. लेकिन अरुणाचल प्रदेश में मिली यह नई प्रजाति न सिर्फ अपना घर बनाती है, बल्कि उसमें वेंटिलेशन और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखती है।

### क्यों खास है यह खोज?

ज्यादातर मेंढक अपने अंडे पानी में या पत्तियों पर देते हैं, अरुणाचल प्रदेश के जंगलों में मिली यह नई प्रजाति मिट्टी से अपना घर तैयार करती है। घने जंगलों में जमीन पर गिरी पत्तियों के नीचे यह मेंढक मिट्टी का घर तैयार करता है और वहीं अंडे देता है। भारत में इस समूह के मेंढकों में ऐसा व्यवहार पहली बार देखा गया है।

### दिखने में कैसा है यह मेंढक?

बात करें इस मेंढक के आकार की तो यह 2.3 से 3.5 सेंटीमीटर के बीच है। इसे फेंग फ्रॉग ग्रुप में रखा गया है, क्योंकि इनके निचले जबड़े में दांतों जैसे उभार होते हैं। इसकी पहचान इन खासियतों से की जा सकती है- इसकी आंखों के बीच एक गहरी भूरी रेखा मौजूद होती है, पीठ पर अंग्रेजी के V आकार की लकीर होती है। शरीर के दोनों तरफ स्किन की कटी-फटी सिलवटें होती हैं।

### एक और विदेशी प्रजाति की हुई पहचान

वैज्ञानिकों ने न सिर्फ इस नई प्रजाति को खोजा है, बल्कि डीएनए टेस्ट के जरिए यह भी पता लगाया है कि चीन और म्यांमार में पाया जाने वाला मेंढक लिम्नोनेक्ट्स लॉन्गचुआनेंसिस भी भारत में मौजूद है। यह पहली बार है जब इस प्रजाति को भारत में आधिकारिक रूप में पाया गया है। नामदफा टाइगर रिजर्व, जो चीन और म्यांमार के बार्डर से सटा हुआ है, दुनिया के सबसे समृद्ध जैव-विविधता वाले क्षेत्रों में से एक है। जानकारों का कहना है कि यह खोज बताती है कि पूर्वोत्तर भारत के जंगलों में अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो दुनिया की नजरों से ओझल है।

# असली हीरो...300 बच्चों का बाप बना ये टीचर, कर्ज लेकर संवारा भविष्य!

**बीजिंग।** चीन के लियाओनिंग प्रांत में रहने वाले 52 साल के बाई जियान पेशे से तो पीटी टीचर हैं, लेकिन इलाके के बच्चे उन्हें 'सुपर डैड' पुकारते हैं। उन्होंने पिछले 30 सालों में उन बच्चों की उंगली थामी, जिन्हें अपनों ने ही अकेला छोड़ दिया था। एक पोस्ट के मुताबिक, बाई जियान ने अब तक करीब 276 बच्चों को गोद लेकर उनका घर बसाया है। उनके किराए के घर 'ड्रीम होम' में एक साथ 20 से 30 बच्चे रहते हैं, जहां प्यार और अनुशासन की जुगलबंदी चलती है। यह सिलसिला 1995 में शुरू हुआ...जब बाई ने एक भूखे स्टूडेंट की मदद की और उस बच्चे ने उन्हें 'पापा' कह दिया। बस, फिर क्या था।..बाई ने इसे ही अपनी जिंदगी का मकसद बना लिया। बाई जियान खुद गरीबी से तपकर निकले हैं, इसलिए वो जानते हैं कि खेल ही वो रास्ता है, जो किसी भी गरीब बच्चे की किस्मत चमका सकता है। उनके घर में नियम बड़े



कड़क हैं। चाहे कड़ाके की ठंड हो या बारिश, सुबह 4:30 बजे अलार्म बजते ही बच्चे मैदान पर होते हैं। हर बच्चा रोज 12 किलोमीटर दौड़ता है। बाई का मानना है कि खेल के मैदान पर कोई सिफारिश नहीं चलती, वहां सिर्फ आपकी मेहनत और दम ही बोलता है। उनके इस 'देसी' और सख्त अंदाज का नतीजा भी जबरदस्त रहा। उनके पाले हुए बच्चों ने अब तक 1300 से ज्यादा मेडल जीते हैं। कोई चीन की फौज में अफसर है, तो कोई टॉप यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर। 50 बच्चे तो नेशनल लेवल के एथलीट बन चुके हैं।

### कर्ज लिया पर बच्चों का हौसला नहीं टूटने दिया

खर्चे पूरे करने के लिए बाई ने कर्ज लिया, एक्स्ट्रा काम किए और अपनी बहनों की मदद ली। वो बच्चों को सिर्फ दौड़ना नहीं सिखाते, बल्कि उन्हें नफरत से दूर रहना भी सिखाते हैं। वो कहते हैं कि अपने उन मां-बाप से नफरत मत करो, जिन्होंने तुम्हें छोड़ा, क्योंकि नफरत की आग पहले खुद को ही जलाती है।

# घर में लगा ये एक पौधा साफ कर देगा पीने के पानी से सारा कचरा!

**ब्रासीलिया।** आज के समय में शहरों से लेकर गांवों तक पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। पानी में कई ऐसे सूक्ष्म कण या बैक्टीरिया मिले रहते हैं, जो लोगों को बीमार करने के लिए काफी होते हैं। क्या आप जानते हैं कि आपके पीने के पानी में प्लास्टिक के कण भी घुले हो सकते हैं, जो कैंसर और दिल की बीमारियों का कारण बन सकते हैं? ऐसे में इन्हें हटाना लोगों के लिए बहुत महंगा और



मुश्किल काम होता है। लेकिन, साओ पाउलो स्टेट यूनिवर्सिटी के विज्ञान और टेक्नोलॉजी संस्थान (आईसीटी-यूएनईएसपी) के वैज्ञानिकों ने अब इसका बेहद सस्ता और कारगर तरीका खोज लिया है। यह आपकी रसोई या बगीचे में ही मिल जाता है। एक नए रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मोरिंगा ओलिफेरा जैसे साधारण पौधों का उपयोग करके पानी से माइक्रोप्लास्टिक को पूरी तरह साफ किया जा सकता है। यह आपके पीने के पानी से माइक्रोप्लास्टिक्स को 90% तक सोख सकता है।

नई रिसर्च में जिस पौधे की चर्चा हो रही है, वह कोई दुर्लभ जड़ी-बूटी नहीं, बल्कि आमतौर पर भारत में मिलने वाला सहजन यानी मोरिंगा है। वैज्ञानिकों ने पाया कि इसके बीजों से निकला खास घोल पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक को हटाने में मदद करता है।

### कैसे काम करता है मोरिंगा का बीज

इस पौधे के बीजों में प्राकृतिक प्रोटीन होते हैं, जिनमें पॉजिटिव चार्ज होता है। जब इन्हें पानी में मिलाया जाता है, तो ये माइक्रोप्लास्टिक कणों से चिपक जाते हैं। इसके बाद ये छोटे-छोटे कण आपस में जुड़कर बड़े गुच्छों में बदल जाते हैं, जिन्हें आसानी से फिल्टर किया जा सकता है। सीधी भाषा में कहें तो यह पौधा पानी में छिपे प्लास्टिक को पकड़कर बाहर निकालने में मदद करता है।




# दुनिया के सबसे छोटे युद्ध, जो महज कुछ मिनटों में ही हो गया था खत्म



**नई दिल्ली।** इतिहास में ऐसे कई युद्ध हुए हैं, जो काफी लंबे समय तक चले हैं। इन युद्धों में कई लोगों की जानें गईं। वहीं क्या आपको इस बारे में पता है कि दुनिया का सबसे छोटा युद्ध कौन सा है? इसके बारे में जानने के बाद आपको काफी हैरानी होगी। यह घटना 27 अगस्त 1896 की है, जब ब्रिटेन और जांजीबार की सल्तनत के बीच एक ऐसा संघर्ष हुआ, जो सिर्फ कुछ ही मिनटों में खत्म हो गया। यह टकराव सत्ता के विवाद से शुरू हुआ था और इतनी तेजी से खत्म हुआ कि इसे आज भी दुनिया का सबसे छोटा युद्ध माना जाता है। यह युद्ध महज 45 मिनट में ही खत्म हो गया। इतिहास में इस युद्ध को लेकर एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हुआ, जिसे आज भी पढ़कर लोग चकित रह जाते हैं। यह युद्ध पूरी तरह एकतरफा था। ब्रिटिश सेना की ताकत के सामने जांजीबार ज्यादा देर टिक नहीं पाया। गोलाबारी के दौरान सुल्तान का महल और उसकी शाही नाव पूरी तरह तहस-नहस हो गई। इस संघर्ष में जांजीबार के सैकड़ों लोग घायल हुए, जबकि ब्रिटेन की ओर से नुकसान बहुत कम हुआ। यह असमान लड़ाई जल्द ही अपने अंत की ओर बढ़ने लगी। करीब 9 बजकर 40 से 45 मिनट के बीच सुल्तान का झंडा नीचे गिरा और लड़ाई समाप्त हो गई।

### खालिद बिन बरघाश ने खुद को कर दिया था सुल्तान घोषित

यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब जांजीबार के सुल्तान हमद बिन थुवैनी की अचानक मृत्यु हो गई। इसके बाद खालिद बिन बरघाश ने बिना ब्रिटिश मंजूरी के खुद को वहां का सुल्तान घोषित कर दिया। उस समय जांजीबार पर ब्रिटेन का प्रभाव काफी मजबूत था और किसी भी नए शासक को उनकी स्वीकृति लेनी जरूरी होती थी। खालिद द्वारा उठाया गया यह कदम ब्रिटेन को नागवार गुजरा और हालात तेजी से टकराव की ओर बढ़ने लगे। ब्रिटेन ने खालिद को स्पष्ट चेतावनी दी कि वह अपनी कुर्सी छोड़ दें। इसके लिए ब्रिटेन ने सुबह 9 बजे तक का समय दिया। खालिद ने ब्रिटेन द्वारा दिए गए इस आदेश को मानने से इनकार कर दिया।
समय सीमा जैसे ही खत्म हुई, ब्रिटिश नौसेना ने हमला शुरू कर दिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com